दिनांक : 05.09.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रधानमंत्री- सिंगापुर वार्ता

भारत और सिंगापुर ने स्वास्थ्य और औषधि, शिक्षा और कौशल विकास, डिजिटल प्रौद्योगिकी, तथा भारत सिंगापुर सेमीकंडक्टर प्रणाली साझेदारी के क्षेत्रो में सहयोग के लिए चार सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनो देश अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक ले जाने पर भी सहमत हुए हैं जिससे भारत की एक्ट ईस्ट नीति को बढावा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लारेंस वॉग के बीच आज हुई प्रतिनिधि मंडल स्तर की वार्ता के बाद यह निर्णय लिया गया। सिंगापुर में वार्ता के दौरान दोनो नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की और दोनो देशों के बीच व्यापार और निवेश के विस्तार का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सिंगापुर का भारतीय अर्थव्यवस्था में लगभग 160 अरब अमरीकी डॉलर का निवेश है और वह भारत का अग्रणी आर्थिक साझेदार है। उन्होंने कहा कि भारत में तेज और सतत वृद्धि ने सिंगापुर की संस्थाओं के लिए निवेश के आपार अवसर खोल दिए हैं।

शिक्षक दिवस

आज शिक्षक दिवस है इस अवसर पर प्रदेश के तीन शिक्षकों को वर्ष 2024 के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार दिया जा रहा है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। चयनित शिक्षकों को रजत

पदक, प्रशस्ति-पत्र और 50 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग के स्कूलों में कार्यरत माधव प्रसाद पटेल और डॉ. सुनीता गोधा को उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा डिण्डोरी जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय धामनगांव की शिक्षिका सुनीता गुप्ता को भी सम्मानित किया जाएगा। डॉ. सुनीता गोधा उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर मंदसौर जिले के शासकीय हाई स्कूल खजूरिया सारंग में पदस्थ हैं। वहीं, माध्यमिक शिक्षक के रूप में कार्यरत माधव प्रसाद पटेल शासकीय नवीन माध्यमिक शाला लिधौरा विकासखण्ड बटियागढ़ जिला दमोह में पदस्थ हैं। राजधानी भोपाल स्थित आईटीआई गोविंदपुरा के दो शिक्षकों प्रशांत दीक्षित एवं प्रेमलता राहंगडाले को भी राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिये चयनित किया गया है। इन दोनों शिक्षकों को भी आज शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जायेगा। सम्मान स्वरूप 50 हजार रुपये नगद राशि एवं मेडल प्रदान किया जाएगा।

प्रधानमंत्री- शिक्षक दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षक दिवस के अवसर पर देश भर के शिक्षकों को शुभकामनाएं दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर श्री मोदी ने कहा कि आज का दिन युवाओं के विचारों को दिशा देने में शिक्षकों की भूमिका के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है। प्रधानमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि व्यक्त की। डॉ राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

शिवराज बाढ़

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह आज और कल आंध्रप्रदेश, तेलंगाना के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरे पर जा रहे हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश वह आज आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर वहां नागरिकों और किसानों से चर्चा करेंगे। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हुई क्षति आकलन के लिए विजयवाड़ा में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। श्री सिंह कल तेलंगाना के बाढ़ प्रभावित खम्मम जिले सहित अन्य क्षेत्रों का दौरा कर वहां जनता के साथ चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के दौरे पर केन्द्रीय कृषि मंत्रालय के अधिकारियों की टीम भी साथ रहेगी। जो राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मिलकर फसल क्षति आकलन के लिए बैठक करेंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। संकट की इस घड़ी में केंद्र सरकार आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की जनता के साथ पूरी तरह खड़ी है और संकट से बाहर निकालने में उनकी हर संभव मदद करेगी।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने "अधोसंरचना निर्माण में नवाचारों का समावेश" विषय पर आज भोपाल में निर्माण उद्योग विकास परिषद द्वारा आयोजित आईडीसी आईसीसी कॉन्फ्रेंस का वर्चुअली शुभारंभ कर बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, एम्प्री के संचालक डॉ. अवनीश श्रीवास्तव, विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति में गुरु परंपरा की महत्ता है, इसलिए

गुरु पूर्णिमा का उत्सव भी शासकीय स्तर पर मनाना प्रारंभ किया और कुलपतियों का नाम "कुलगुरु" के नाम पर करने की शुरुआत की गई है।

लोक अदालत

प्रदेश के सभी जिलों में 14 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि लोक अदालत में निराकरण होने वाले प्रकरणों में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी।

समाचार संक्षेप में .....

- महिला एवं बाल विकास विभाग जिला रतलाम द्वारा पोषण माह के तहत आज पोषण उत्सव कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि रतलाम में किया गया।
- खण्डवा की श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. में प्रवेश प्रक्रिया का कार्य डीएससी पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। आई.टी.आई. में केवल म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पात्र पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की संतानों को प्रवेश दिया जायेगा।

....